1 The river known as 'Van ki Asha' (Hope of Forest) is ________.
(A) Mahi River
(B) Banganga River
(C) Luni River
(D) Banas River
वह नदी जो 'वन की आशा' के नाम से जानी जाती है –
(A) माही नदी
(B) बाणगंगा नदी
(C) लूनी नदी
(D) बनास नदी

2 Where did the revolution of 1857 start in Rajasthan?
(A) Khervada (B) Neemuch
(C) Nasirabad (D) Arinpura
राजस्थान में 1857 की क्रांति की शुरूआत कहाँ से हुई?
(A) खेरवाड़ा (B) नीमच
(C) नसीराबाद (D) एरिनपुरा

3 पश्चिमी राजस्थानी रो चावौ नांव छै –
(A) मारवाड़ी (B) मेवाती
(C) जयपुरी (D) मालवी

4 Ramsagar Van Vihar Sanctuary is located in which district of Rajasthan?
(A) Bharatpur
(B) Sawai Madhopur
(C) Dholpur
(D) Karauli
रामसागर वन विहार अभयारण्य राजस्थान के किस ज़िले में अवस्थित है?
(A) भरतपुर
(B) सवाई माधोपुर
(C) धौलपुर
(D) करौली

5 In which fort are nine similar palaces built?
(A) Nahargarh (B) Gagron
(C) Taragarh (D) Chittorgarh
एक जैसे नौ महल किस किले में बने हुए हैं?
(A) नाहरगढ़ (B) गागरोण
(C) तारागढ़ (D) चित्तौड़गढ़

6 Kolayat lake is situated near the city ________.
(A) Bikaner (B) Jaipur
(C) Jodhpur (D) Udaipur
कोलायत झील ________ शहर के समीप स्थित है।
(A) बीकानेर (B) जयपुर
(C) जोधपुर (D) उदयपुर

7 'बीसलदेव रास' री कथा मे नायक–नायिका हैं –
(A) राजा बीसलदेव अर रांणी भागमती
(B) राजा हरिश्चन्द्र अर रांणी तारामती
(C) राजा बीसलदेव अर रांणी राजमती
(D) राजा बीसलदेव अर रांणी तारामती

8 Which fair is called the 'Kumbh of Tribals' of Rajasthan?
(A) Jaisalmer fair
(B) Pushkar fair
(C) Tejaji fair
(D) Beneshwar fair
राजस्थान के 'आदिवासियों का कुंभ' किस मेले को कहा जाता है?
(A) जैसलमेर मेला
(B) पुष्कर मेला
(C) तेजाजी मेला
(D) बेणेश्वर मेला

9 When was Bikaner Rajya Praja Parishad established?
(A) 1942 (B) 1945
(C) 1936 (D) 1940
बीकानेर राज्य प्रजा परिषद् की स्थापना कब हुई?
(A) 1942 में (B) 1945 में
(C) 1936 में (D) 1940 में

10 'Bijji' is the alias of which litterateur?
(A) Babavji Chatur Singh
(B) Vijaydan Detha
(C) Kanhaiya Lal Sethiya
(D) Dursa Aadha
'बिज्जी' किस साहित्यकार का उपनाम है?
(A) बाबवजी चतुरसिंह
(B) विजयदान देथा
(C) कन्हैयालाल सेठिया
(D) दुरसा आढ़ा

11 Where the tourist place 'Chand Baori (Bavri)' is located?
(A) Abhaneri (B) Talvada
(C) Dholpur (D) Bhangarh
पर्यटन स्थल 'चाँद बावडी' कहाँ अवस्थित है?
(A) आभानेरी (B) तलवाड़ा
(C) धौलपुर (D) भानगढ़

12 'बोल भारमली' रा रचनाकार है –
(A) महावीरप्रसाद जोशी
(B) सत्यप्रकाश जोशी
(C) मेघराज मुकुल
(D) नेमनारायण जोशी

13 Ganeshwar civilization is situated on the bank of which river?
(A) Kantli River
(B) Kothari River
(C) Ayad River
(D) Banas River
गणेश्वर सभ्यता किस नदी के किनारे स्थित है?
(A) कांतली नदी
(B) कोठारी नदी
(C) आयड़ नदी
(D) बनास नदी

14 Siwaniya, Kala Khunta, Ghatia areas in Banswara district are known for the deposits of ________ mineral.
(A) Lead-Zinc (B) Manganese
(C) Tungsten (D) Silver
बांसवाड़ा ज़िले के सिवानिया, कालाखूंटा, घाटिया क्षेत्र ________ खनिज के भण्डारों के लिये जाने जाते हैं।
(A) सीसा–जस्ता (B) मैंगनीज़
(C) टंगस्टन (D) चाँदी

15 As per the Census 2011, the district in Rajasthan where percentage of urban population remained the highest in the state, is -
(A) Kota (B) Ajmer
(C) Jaipur (D) Jodhpur
वर्ष 2011 की जनगणनानुसार राजस्थान में वह ज़िला, जहाँ शहरी जनसंख्या राज्य में सर्वाधिक रही, है –
(A) कोटा (B) अजमेर
(C) जयपुर (D) जोधपुर

16 'Narma' is a variety of which crop?
(A) Cotton (B) Maize
(C) Wheat (D) Rice
'नरमा' किस फ़सल की किस्म है?
(A) कपास (B) मक्का
(C) गेहूँ (D) चावल

17 राजस्थानी काव्य में 'डांखळा' नांव सूं नवौ काव्य–रूप चलायनैं घणा चावा हुया –
(A) कल्याणसिंह राजावत
(B) रघुराजसिंह हाड़ा
(C) किशोर कल्पनाकांत
(D) मोहन आलोक

18 On which occasion are Lahariya worn by women in Rajasthan?
(A) On Akha Teej
(B) On Ram Navami
(C) On Savani Teej
(D) On Kajali Teej
राजस्थान में स्त्रियों द्वारा लहरिया किस अवसर पर पहना जाता है?
(A) आखा तीज पर
(B) रामनवमी पर
(C) सावनी तीज पर
(D) कजली तीज पर

19 Who was the initial founder of Kumbhalgarh fort?
(A) Kunwar Prithviraj
(B) Samprati
(C) Man Maurya
(D) Rana Lakha
'कुम्भलगढ़ दुर्ग' का प्रारम्भिक संस्थापक कौन था?
(A) कुंवर पृथ्वीराज
(B) सम्प्रति
(C) मान मौर्य
(D) राणा लाखा

20 Famous painter 'Sahibram' belongs to which school of painting?
(A) Jaipur School
(B) Bundi School
(C) Nathdwara School
(D) Kishangarh School
प्रसिद्ध चित्रकार 'साहिबराम' किस चित्रकला शैली से सम्बन्धित हैं?
(A) जयपुर शैली
(B) बूंदी शैली
(C) नाथद्वारा शैली
(D) किशनगढ़ शैली

शिक्षा शिक्षक शिक्षार्थी

Shiksha Vibhag Samachar Rajasthan

सत्यमेव जयते

## शिक्षा विभाग समाचार

शिक्षा-शिक्षक-शिक्षार्थी को समर्पित व शिक्षा विभाग की सभी खबरे तीव्रतम पाने के लिए नीचे दिए आइकन से ग्रुप में हमसे जरूर जुड़े

Telegram Group Join Now

WhatsApp Group Join Now

ग्रुप से जुड़ने के लिए दिए आइकन पर क्लिक करे

WhatsApp

रोजगार व शिक्षक प्रशिक्षण सूचना के लिए GURUSMILE.IN पर क्लिक करे

🙏 धन्यवाद 🙏

GURU SMILE

21 The river Ruparail originates from ________
(A) Kumbhalgarh
(B) Rajoregarh
(C) Udainath
(D) Raghunathgarh
रूपारेल नदी का उद्‌गम होता है –
(A) कुम्भलगढ़
(B) राजोरगढ़
(C) उदयनाथ
(D) रघुनाथगढ़

22 राजस्थानी में रामायण रा रचनाकार है –
(A) मेहोजी (B) नैणसी
(C) सायांजी (D) दुरसाजी

23 As per the soil classification of Agriculture Department, Rajasthan 'Gypsiferrous' soil is found in ________.
(A) Kota (B) Jodhpur
(C) Ajmer (D) Bikaner
कृषि विभाग, राजस्थान के मृदा वर्गीकरण के अनुसार 'जिप्सीफेरस' मृदा ________ में पाई जाती है।
(A) कोटा (B) जोधपुर
(C) अजमेर (D) बीकानेर

24 Bhadla Solar Park is located in -
(A) Jalore (B) Jhalawar
(C) Jaisalmer (D) Jodhpur
भादला सोलर पार्क स्थित है –
(A) जालौर (B) झालावाड़
(C) जैसलमेर (D) जोधपुर

25 Where was Tejaji born?
(A) Undukasamer (Barmer)
(B) Bhundel (Nagaur)
(C) Gogamedi (Hanumangarh)
(D) Khadnal (Nagaur)
तेजाजी का जन्म कहाँ हुआ था?
(A) ऊँडुकसमेर (बाड़मेर)
(B) भुण्डेल (नागौर)
(C) गोगामेडी (हनुमानगढ़)
(D) खड़नाल (नागौर)

26 Highest variation of rainfall during June to September recorded in the district of -
(A) Bikaner (B) Sri Ganganagar
(C) Jalore (D) Jaisalmer
जून से सितम्बर माह में वर्षा में अधिकतम भिन्नता ________ ज़िले में अभिलिखित की जाती है।
(A) बीकानेर (B) श्रीगंगानगर
(C) जालौर (D) जैसलमेर

27 Where was Bharatpur Prajamandal established?
(A) Rewari (B) Nadbai
(C) Bharatpur (D) Hisar
भरतपुर प्रजामण्डल कहाँ स्थापित किया गया था?
(A) रेवाड़ी (B) नदबई
(C) भरतपुर (D) हिसार

28 Which region of Rajasthan is famous for Rammat?
(A) Bikaner (B) Nagaur
(C) Jalore (D) Jodhpur
राजस्थान के किस क्षेत्र की रम्मत अधिक प्रसिद्ध है?
(A) बीकानेर (B) नागौर
(C) जालौर (D) जोधपुर

29 On which month the festival of 'Hariyali Amavasya' is celebrated?
(A) Bhadrapada Amavasya
(B) Ashada Amavasya
(C) Falgun Amavasya
(D) Shravan Amavasya
'हरियाली अमावस्या' का पर्व किस माह में मनाया जाता है?
(A) भाद्रपद अमावस्या
(B) आषाढ़ अमावस्या
(C) फाल्गुन अमावस्या
(D) श्रावण अमावस्या

30 Which of the following is the correct duration of Zaid Crops in Rajasthan?
(A) October to December
(B) January to March
(C) March to June
(D) June to September
निम्नांकित में से राजस्थान मे जायद की फसल की सही अवधि कौन सी है?
(A) अक्टूबर से दिसंबर
(B) जनवरी से मार्च
(C) मार्च से जून
(D) जून से सितंबर

31 Which of the following districts of Rajasthan has largest forest area according to ISFR-2021?
(A) Udaipur (B) Kota
(C) Alwar (D) Baran
निम्नलिखित में से राजस्थान के किस ज़िले में आई.एस.एफ.आर.–2021 के अनुसार वन क्षेत्र सर्वाधिक है ?
(A) उदयपुर (B) कोटा
(C) अलवर (D) बारां

32 Siliserh Lake Palace is situated within the ________ Tourist Circuit of Rajasthan.
(A) Brij Mewat (B) Mewar
(C) Vagad (D) Dhundhar
सिलिसेढ़ लेक पैलेस राजस्थान के ________ पर्यटन सर्किट में स्थित है।
(A) ब्रज मेवात (B) मेवाड़
(C) वागड़ (D) ढूंढाड़

33 Who was the founder of Rathods dynasty of Jodhpur?
(A) Jodha (B) Beeka
(C) Seeha (D) Sanga
जोधपुर के राठौड राजवंश का संस्थापक कौन था ?
(A) जोधा (B) बीका
(C) सीहा (D) सांगा

34 डूंगरपुर अर बांसवाड़ा खेतर री मुख्य बोली है –
(A) शेखावाटी (B) राजावटी
(C) वागड़ी (D) राठी

35 'हर रौ हिंडोळौ' कद गायो जावै ?
(A) किणी री मिरतू माथै
(B) तिंवार माथै
(C) किणी रै जलम माथै
(D) किणी रै विदाई माथै

36 When does Mallinathji cattle fair begin?
(A) Chaitra Krishna Navmi
(B) Chaitra Amavasya
(C) Chaitra Krishna Ekadashi
(D) Chaitra Shukla Ekadashi
मल्लीनाथजी पशु मेला कब प्रारम्भ होता है ?
(A) चैत्र कृष्ण नवमी
(B) चैत्र अमावस्या
(C) चैत्र कृष्ण एकादशी
(D) चैत्र शुक्ल एकादशी

37 Khichan village in Rajasthan is known for -
(A) Siberian crane
(B) Houbara bustard
(C) Demoiselle cranes
(D) Bengal florican
राजस्थान का खीचन गाँव जाना जाता है –
(A) साइबेरियन सारस
(B) तिलोर
(C) कुरजां
(D) चरस

38 किण संत री वाणियां रो संग्रै 'अणभै वाणी' रै नांव सूं जाण्यो जावै ?
(A) दीन दरवेश
(B) पीपाजी
(C) श्री रामचरण जी
(D) चरणदास जी

39 Which soil chromusterts subgroup has significance in Rajasthan?
(A) Inceptisols (B) Alfisols
(C) Vertisols (D) Aridisols
राजस्थान में कौन सी मृदा में क्रोमोस्टर्ट्स उपमृदाकण का विशेष महत्व है ?
(A) इन्सेप्टिसोल्स (B) अल्फीसोल्स
(C) वर्टीसोल्स (D) एरिडीसोल्स

40 The major deposits of gold ore in Rajasthan have been estimated in ________ district.
(A) Rajsamand (B) Dungarpur
(C) Banswara (D) Pratapgarh
राजस्थान में स्वर्ण अयस्क के भण्डार मुख्यतः ________ ज़िले में अनुमानित किये गये हैं।
(A) राजसमंद (B) डूंगरपुर
(C) बांसवाड़ा (D) प्रतापगढ़

41 Which of the following is not correctly matched?
(A) Moda Hills - Jhunjhunu
(B) Dargah Hazrat Qumaruddin Shah - Nagaur
(C) Kanhaiyalal Bagla Haveli - Churu
(D) Nihal Tower - Dholpur
निम्नलिखित में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है ?
(A) मोडा पहाड़ – झुंझुनू
(B) हजरत कमरूद्दीन शाह की दरगाह – नागौर
(C) कन्हैयालाल बागल हवेली – चुरू
(D) निहाल टॉवर – धौलपुर

42 Which article of Constitution of India is about the Executive Power of State?

भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद राज्य की कार्यपालिका शक्ति के बारे में है?

(A) 158 (B) 159
(C) 154 (D) 156

43 Which of the given statements is wrong with reference to Swami Vivekananda model schools?

(A) These schools are run by Rajasthan Council of Secondary Education under Samasa.
(B) Co-Education facilities are available in these school.
(C) These schools are affiliated to CBSE.
(D) It is a residential English medium school from class 6 to 12.

स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल के सन्दर्भ में दिये गये कथनों में से कौन सा कथन गलत है?

(A) इन विद्यालयों का संचालन समसा के तहत राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् (RCSCE) द्वारा किया जाता है।
(B) इन विद्यालयों में सह–शिक्षा (Co-Education) की व्यवस्था है ।
(C) ये विद्यालय CBSE से मान्यता प्राप्त हैं ।
(D) यह कक्षा 6 से 12 तक के आवासीय अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय हैं ।

44 Sartaj Narayan Mathur was awarded by the Sangeet Natak Academy for his contribution to ________.

(A) Theatre and acting
(B) Tabla
(C) Folk music
(D) Sitar vadan

संगीत नाटक अकादमी ने सरताज नारायण माथुर को ________ में योगदान के लिए पुरस्कृत किया है।

(A) रंगमंच एवं अभिनय
(B) तबला
(C) लोक संगीत
(D) सितार वादन

45 Out of 25% of the reserved seats ________ seats shall be provided to children belonging to categories other than SC and ST of disadvantaged group.

25% आरक्षित सीटों में से ________ सीट अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के अतिरिक्त असुविधाग्रस्त समूह वर्ग के बच्चों के लिए आरक्षित की गयी हैं।

(A) 2.5% (B) 16%
(C) 7.5% (D) 1.5%

46 Vishwamitra Dadhich is famous for his contribution in the field of ________.

(A) Painting (B) Literature
(C) Music (D) Acting

विश्वामित्र दाधीच ________ के क्षेत्र में अपने योगदान के लिये प्रसिद्ध हैं।

(A) चित्रकला (B) साहित्य
(C) संगीत (D) अभिनय

47 A joint air force exercise between India and France is known as ________ was held at Jodhpur from 26 October 2022.

(A) Vijay Prahar
(B) Garuda
(C) Vayu Shakti
(D) Mitra Shakti

भारत और फ्रांस के मध्य एक संयुक्त वायु सेना अभ्यास जिसे ________ के नाम से जाना जाता है, 26 अक्टूबर 2022 से जोधपुर में आयोजित किया गया।

(A) विजय प्रहार
(B) गरुड़
(C) वायु शक्ति
(D) मित्र शक्ति

48 Which one of the following is not funded by Asian Development Bank?

(A) Rajasthan State Highway Investment Programme Project - II
(B) Rajasthan State Highway Development Programme - II
(C) Rajasthan State Highway Investment Programme - I
(D) Rajasthan Secondary Town Development Sector Programme

निम्नलिखित में से कौन सा एशियाई विकास बैंक द्वारा वित्तपोषित नहीं है?

(A) राजस्थान राज्य राजमार्ग निवेश कार्यक्रम प्रोजेक्ट - II
(B) राजस्थान राज्य राजमार्ग विकास कार्यक्रम - II
(C) राजस्थान राज्य राजमार्ग निवेश कार्यक्रम - I
(D) राजस्थान मध्यम नगरीय क्षेत्र विकास परियोजना

# शिक्षा शिक्षक शिक्षार्थी

## शिक्षा विभाग समाचार

शिक्षा-शिक्षक-शिक्षार्थी को समर्पित व शिक्षा विभाग की सभी खबरे तीव्रतम पाने के लिए नीचे दिए आइकन से ग्रुप में हमसे जरूर जुड़े

**Telegram Group** — Join Now

**WhatsApp Group** — Join Now

## ग्रुप से जुड़ने के लिए दिए आइकन पर क्लिक करे

रोजगार व शिक्षक प्रशिक्षण सूचना के लिए GURUSMILE.IN पर क्लिक करे

🙏 धन्यवाद 🙏

**GURU SMILE**

49 Where will the panorama of freedom fighter Kesri Singh Barhath be built?
(A) Shahpura, Bhilwara
(B) Tijara, Alwar
(C) Runicha, Jaisalmer
(D) Baswa, Dausa
स्वतन्त्रता सेनानी केसरी सिंह बारहठ की पैनोरामा कहाँ बनेगी ?
(A) शाहपुरा, भीलवाड़ा
(B) तिजारा, अलवर
(C) रुणिचा, जैसलमेर
(D) बसवा, दौसा

50 Chairman of Kothari Commission was -
(A) Datar Singh
(B) Prabhudan Singh
(C) Swami Singh
(D) Lakshman Singh
कोठारी आयोग के अध्यक्ष थे –
(A) दातार सिंह
(B) प्रभुदान सिंह
(C) स्वामी सिंह
(D) लक्ष्मण सिंह

51 Out of the patterns given below which of them has been adopted in place of 10+2 pattern for school education in the New Education Policy 2020?
नई शिक्षा नीति 2020 में स्कूल शिक्षा में 10+2 पैटर्न के स्थान पर इनमें से किस पैटर्न को अपनाया गया है ?
(A) 4+5+3+3 (B) 3+3+4+5
(C) 4+3+3+5 (D) 5+3+3+4

52 Arrange the following former Chief Secretaries of Rajasthan in chronological order according to their tenure.
(A) Nihal Chand Goel - C.K. Mathew - Rajiv Meharshi - D.B. Gupta
(B) Rajiv Meharshi - Nihal Chand Goel - C.K. Mathew - D.B. Gupta
(C) C.K. Mathew - Rajiv Meharshi - Nihal Chand Goel - D.B. Gupta
(D) Rajiv Meharshi - C.K. Mathew - Nihal Chand Goel - D.B. Gupta
राजस्थान के निम्नलिखित पूर्व मुख्य सचिवों को उनके कार्यकाल के अनुसार कालानुक्रम में व्यवस्थित करें।
(A) निहाल चंद गोयल – सी.के. मैथ्यु – राजीव महर्षि – डी.बी. गुप्ता
(B) राजीव महर्षि – निहाल चंद गोयल – सी.के. मैथ्यु – डी.बी. गुप्ता
(C) सी.के. मैथ्यु – राजीव महर्षि – निहाल चंद गोयल – डी.बी. गुप्ता
(D) राजीव महर्षि – सी.के. मैथ्यु – निहाल चंद गोयल – डी.बी. गुप्ता

53 The Mukhyamantri Nishulk Janch Yojana in Rajasthan was started in ________.
(A) 7th April, 2013
(B) 1st May, 2013
(C) 2nd October, 2013
(D) 31st October, 2013
राजस्थान में मुख्य मंत्री निःशुल्क जाँच योजना ________ को आरम्भ की गई।
(A) 7 अप्रैल, 2013
(B) 1 मई, 2013
(C) 2 अक्टूबर, 2013
(D) 31 अक्टूबर, 2013

54 In which one of the following districts of Rajasthan was the first Sherpa meeting of G20 Presidency organized in December 2022?
(A) Kota (B) Udaipur
(C) Jaipur (D) Jaisalmer
राजस्थान के निम्नलिखित में से किस ज़िले में G20 अध्यक्षता की पहली शेरपा बैठक दिसम्बर 2022 में आयोजित की गई थी ?
(A) कोटा (B) उदयपुर
(C) जयपुर (D) जैसलमेर

55 When was Central Board of Secondary Education established?
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की स्थापना कब की गयी थी ?
(A) 1954 (B) 1955
(C) 1952 (D) 1953

56 How much cash stimulus is provided by the Rajasthan Government to the children of construction workers for participating in any International Games Competition?
(A) ₹ 8 lakh (B) ₹ 11 lakh
(C) ₹ 2 lakh (D) ₹ 1 lakh
निर्माण श्रमिकों के बच्चों द्वारा किसी अन्तर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने पर राजस्थान सरकार द्वारा कितनी प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है ?
(A) ₹ 8 लाख (B) ₹ 11 लाख
(C) ₹ 2 लाख (D) ₹ 1 लाख

57 Match the following -

| State symbol of Rajasthan | | Binomial Name |
|---|---|---|
| a. Flower | i. | Gazella bennettii |
| b. Animal | ii. | Ardeotis nigriceps |
| c. Tree | iii. | Tecomella undulata |
| d. Bird | iv. | Prosopis cineraria |

निम्नांकित को सुमेलित कीजिए –

| राजस्थान राज्य के प्रतीक चिह्न | | वैज्ञानिक नाम |
|---|---|---|
| a. फूल | i. | गजेला बेनेट्टी |
| b. पशु | ii. | आर्डेओटिस नाइग्रिसेप्स |
| c. पेड़ | iii. | टिकोमेला अण्डुलेटा |
| d. पक्षी | iv. | प्रोसोपिस सिनेरारिया |

Choose the correct code :

सही कूट का चयन कीजिए :

(A) a-ii, b-iv, c-iii, d-i
(B) a-i, b-ii, c-iv, d-iii
(C) a-iv, b-iii, c-i, d-ii
(D) a-iii, b-i, c-iv, d-ii

58 The Ceramic Electrical Research and Development Centre is located at ________.

(A) Jodhpur (B) Jaipur
(C) Bikaner (D) Churu

सिरैमिक इलेक्ट्रिकल रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट सेंटर कहाँ स्थित है ?

(A) जोधपुर (B) जयपुर
(C) बीकानेर (D) चुरू

59 ________ Medhawi Chhatra Scooty Yojana is empowering education in Rajasthan.

(A) Savitri Devi Phule
(B) Kali Bai Bhil
(C) Indira Gandhi
(D) Sashakt Nari

________ मेधावी छात्रा स्कूटी योजना राजस्थान में शिक्षा को सशक्त कर रही है।

(A) सावित्री देवी फुले
(B) काली बाई भील
(C) इंदिरा गांधी
(D) सशक्त नारी

60 Elementary education covers education from class ________.

(A) 1 to 8 (B) 1 to 10
(C) 1 to 5 (D) 1 to 6

प्रारम्भिक शिक्षा से तात्पर्य कक्षा ________ की शिक्षा से है।

(A) 1 से 8 (B) 1 से 10
(C) 1 से 5 (D) 1 से 6

61 If sufficient number of applications for SC seats has not been received, then they shall be filled from ________ category.

(A) OBC
(B) General
(C) Scheduled Caste
(D) Scheduled Tribe

अगर अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित सीटों के लिए समुचित मात्रा में आवेदन प्राप्त ना हो, तो उन्हें ________ वर्ग से भरा जा सकता है।

(A) अन्य पिछड़ा
(B) सामान्य
(C) अनुसूचित जाति
(D) अनुसूचित जनजाति

62 The name of the third floor of Hawa Mahal is -

(A) Sharad Mandir
(B) Prakash Mandir
(C) Ratan Mandir
(D) Vichitra Mandir

हवा महल की तीसरी मंजिल का नाम है –

(A) शरद मंदिर
(B) प्रकाश मंदिर
(C) रतन मंदिर
(D) विचित्र मंदिर

63 Who among the following was not awarded with the first Maharana Pratap Award 1982-83 in athletics category?

(A) Hamida Bano
(B) Rajendra Prasad Sharma
(C) Gopal Saini
(D) Rajkumar Ahlawat

निम्नलिखित में से किसे एथलेटिक्स श्रेणी में प्रथम महाराणा प्रताप पुरस्कार 1982-83 से सम्मानित नहीं किया गया था?

(A) हामिदा बानो
(B) राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
(C) गोपाल सैनी
(D) राजकुमार अहलावत

64 According to New Education Policy 2020 which of the given learning mediums is placed for the students upto 5th standard?

(A) Sanskrit
(B) Mother tongue/Local language
(C) English
(D) Hindi

नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा का माध्यम निम्न में से किसे रखा गया है?

(A) संस्कृत
(B) मातृभाषा/स्थानीय भाषा
(C) अंग्रेजी
(D) हिन्दी

65 Which district was awarded for the empowerment of specially abled people in December 2022?

(A) Sirohi (B) Alwar
(C) Bikaner (D) Jaipur

किस ज़िले को विशेष रूप से दिव्यांग लोगों के सशक्तिकरण के लिए दिसम्बर 2022 में पुरस्कृत किया गया था?

(A) सिरोही (B) अलवर
(C) बीकानेर (D) जयपुर

66 वर्तनी की दृष्टि से कौन से समूह में सभी शब्द शुद्ध हैं?

(A) वयंग, ऊंचा, निमित्त
(B) कनिष्ट, उज्यनी, दांत
(C) आंसू, खंबा, निशंग
(D) वृद्धि, योद्धा, सामर्थ्य

67 'प्रभा एक सुशील कन्या है' वाक्य में विशेष्य है –

(A) कन्या (B) एक
(C) सुशील (D) प्रभा

68 'स्त्रीलिंग' शब्द नहीं है –

(A) चपला (B) चमक
(C) चट्टान (D) चन्दन

69 निम्नलिखित में से जातिवाचक संज्ञा से बना भाववाचक संज्ञा शब्द कौन सा है?

(A) सजावट (B) ममता
(C) बुढ़ापा (D) मिठास

70 निम्नलिखित वर्णों को उनके उच्चारण स्थान से सुमेलित कीजिए –

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | क | a. | दन्त |
| 2. | त | b. | तालु |
| 3. | न | c. | कण्ठ |
| 4. | श | d. | नासिका |

(A) 1-c, 2-a, 3-d, 4-b
(B) 1-b, 2-d, 3-a, 4-c
(C) 1-a, 2-b, 3-c, 4-d
(D) 1-a, 2-c, 3-d, 4-b

71 निम्नलिखित में से अशुद्ध शब्द कौन सा है?

(A) दधीचि (B) ज्येष्ठ
(C) प्रदर्शिनी (D) प्रवृत्त

72 'अपने से बड़ों का आदर करना उचित है।' वाक्य में रेखांकित शब्द कौन सा सर्वनाम है?

(A) संबंधवाचक सर्वनाम
(B) निजवाचक सर्वनाम
(C) निश्चयवाचक सर्वनाम
(D) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

73 'वह आम को खा रहा है।' वाक्य में अशुद्धि है –

(A) वचन संबंधी
(B) क्रिया संबंधी
(C) लिंग संबंधी
(D) कारक संबंधी

74 'मतैक्य' शब्द का सही संधि–विच्छेद है –

(A) मत + ऐक्य
(B) मत + एक्य
(C) म + ऐक्य
(D) मति + एक्य

75 निम्नलिखित में से किस युग्म में विलोम का सही प्रयोग नहीं है?

(A) गरल – विष
(B) उत्कर्ष – अपकर्ष
(C) जंगम – स्थावर
(D) कोमल – कठोर

76 'AREA' अंग्रेजी शब्द के लिए हिन्दी पारिभाषिक शब्द है –

(A) खण्ड (B) मंडल
(C) अंचल (D) क्षेत्र

77 निम्नलिखित में से कौन सा शब्द जातिवाचक संज्ञा से निर्मित भाववाचक संज्ञा नहीं है?

(A) पशुता (B) कंजूसी
(C) शठता (D) बन्धुत्व

78 'एक देश से दूसरे देश में माल भेजना' वाक्यांश के लिए एक शब्द है –

(A) भारोपीय (B) निर्यात
(C) आयात (D) यांत्रिकी

79 निम्नलिखित में से क्रिया के विषय में कौन सा कथन गलत है?

(A) क्रियाएँ धातुओं, संज्ञा या विशेषण शब्दों से भी बनती हैं।
(B) रचना की दृष्टि से क्रिया के अकर्मक और सकर्मक दो भेद होते हैं।
(C) क्रिया से काम के करने या होने का बोध होता है।
(D) क्रिया एक अविकारी शब्द है।

80 निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।

(A) एक गाय, दो घोड़े और एक बकरी मैदान में चर रही हैं।
(B) काशी सदा से भारतीय संस्कृति का केंद्र रहा है।
(C) बंदूक एक बहुत उपयोगी शस्त्र है।
(D) श्रीकृष्ण के अनेकों नाम हैं।

81 'फारसी शब्द' नहीं है –

(A) इलाज (B) चश्मा
(C) आबरू (D) आवारा

82 वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द है –

(A) बड़ाई (B) सोड़ा
(C) बूढ़ा (D) रोड

83 निम्नलिखित में से भाषा की लघुतम लिखित इकाई है –

(A) शब्द (B) वर्ण
(C) ध्वनि (D) पद

84 निम्नलिखित में से किस विकल्प में मुहावरा और उसका अर्थ सुमेलित नहीं है?

(A) नब्ज पहचानना – स्वभाव जानना।
(B) देवता कूच करना – घबरा जाना।
(C) अंगारों पर पैर रखना – जोखिम मोल लेना।
(D) कलेजे पर साँप लोटना – नफरत करना।

85 'हरकत' का अनेकार्थक शब्द समूह है –

(A) इज्जत, अभिमान
(B) प्राण, जीवन
(C) गति, चेष्टा
(D) दीन, निकृष्ट

**निर्देश** : निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्न के उत्तर दीजिए : **(प्रश्न क्रमांक 86 से 88)**

चंचल पग दीपशिखा के घर
गृह, मग, वन में आया वसंत।
सुलगा फाल्गुन का सूनापन
सौन्दर्य शिखाओं में अनंत
सौरभ शीतल की ज्वाला से
फैला उर–उर में मधुर दाह
आया बसन्त, भर पृथ्वी पर
स्वर्गिक सुन्दरता का प्रवाह
कलि के पलकों में मिलन स्वप्न
अलि के अंतर में प्रणय गान
लेकर आया, प्रेमी वसंत
आकुल जड़–चेतन स्नेह प्राण!

86 धरती पर स्वर्ग जैसा सौन्दर्य कब होता है?

(A) चैत्र में
(B) होली आने पर
(C) फाल्गुन में
(D) वसंत में

87 'सौरभ शीतल' से क्या अभिप्राय है?

(A) सुगंधित वातावरण से
(B) जड़–चेतन से
(C) फाल्गुन के सूनेपन से
(D) धरती के सौन्दर्य से

88 'अलि' का पर्यायवाची है –

(A) माधव (B) मधुप
(C) मधुमास (D) वासव

89 किस वाक्य में उद्धरण चिह्न का प्रयोग हुआ है?

(A) 'कामायनी' जयशंकर प्रसाद की सर्वश्रेष्ठ कृति है।
(B) साकेत : एक अध्ययन
(C) माँ ने कहा – बेटा उन्नति करो
(D) वाह! कितना सुन्दर दृश्य है

शिक्षा शिक्षक शिक्षार्थी

## शिक्षा विभाग समाचार

शिक्षा-शिक्षक-शिक्षार्थी को समर्पित व शिक्षा विभाग की सभी खबरे तीव्रतम पाने के लिए नीचे दिए आइकन से ग्रुप में हमसे जरूर जुड़े

Telegram Group Join Now

WhatsApp Group Join Now

ग्रुप से जुड़ने के लिए दिए आइकन पर क्लिक करे

रोजगार व शिक्षक प्रशिक्षण सूचना के लिए GURUSMILE.IN पर क्लिक करे

🙏 धन्यवाद 🙏

GURU SMILE

90 लक्षणा शब्द शक्ति के कौन से भेद हैं?
(A) प्रयोजनवती, व्यंजना
(B) अत्युक्ति, आर्थी
(C) रूढ़ा, प्रयोजनवती
(D) शाब्दी, आर्थी

91 निम्नलिखित में से मिश्र वाक्य का उदाहरण छाँटिए –
(A) अच्छे लड़के परिश्रमी होते हैं।
(B) वह अस्वस्थ था और इसलिए परीक्षा में सफल न हो सका।
(C) हम खाना खा चुके।
(D) जो कवि लोकप्रिय होता है, उसका सम्मान सभी करते हैं।

92 संबंधबोधक अव्यय प्रयुक्त हुआ है –
(A) कमला ऊपर बैठी है।
(B) वह ईमानदारी से काम करता है।
(C) जल के बिना जीवन संभव नहीं है।
(D) वह थोड़ा ही चल सकी।

93 'अंतःस्थ' व्यंजन नहीं है –
(A) ल (B) ब
(C) य (D) र

94 निम्नलिखित में से योगरूढ़ शब्द का उदाहरण कौन सा है?
(A) आगबबूला (B) एकदंत
(C) उपकार (D) घुड़सवार

95 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न का उत्तर दीजिए :

सुख–दुख में मुस्काना धीरज से रहना,
वीरों की माता हूँ वीरों की बहना।
मैं वीर नारी हूँ
साहस की बेटी,
मातृभूमि–रक्षा को
वीर सजा देती।
आकुल अंतर की पीर राष्ट्र हेतु सहना,
वीरों की माता हूँ वीरों की बहना।
मात–भूमि जन्म–भूमि
राष्ट्र–भूमि मेरी,
कोटि–कोटि वीर पूत
द्वार–द्वार दे री।
जीवन–भर मुस्काए भारत का अँगना,
वीरों की माता हूँ वीरों की बहना।

**प्रश्न** : भारत का अँगना कब तक मुस्कराए?
(A) उम्रदर (B) मुट्ठी–भर
(C) पल–भर (D) जीवन–भर

96 किस समूह में 'अश्व' के सभी पर्याय हैं?
(A) घोड़ा, तुरंग, हय
(B) तुरंग, घोटक, कंज
(C) घोटक, सोम, कानन
(D) पुरंदर, आम्र, विभु

97 निम्नलिखित में से योगरूढ़ शब्द कौन सा है?
(A) विद्यालय (B) पत्थर
(C) आकाश (D) त्रिनेत्र

98 'तत्सम' शब्द का चयन कीजिए –
(A) अमृत (B) गेहूँ
(C) काजल (D) घोड़ा

99 'आँखे खुलना' मुहावरे का अर्थ है –
(A) धोखा खाना
(B) सजग होना
(C) ध्यान रखना
(D) इच्छा पूरी होना

100 'SUMMON' अंग्रेजी शब्द के लिए हिन्दी पारिभाषिक शब्द है –
(A) स्थगित करना
(B) भंग करना
(C) बुलाना
(D) विसर्जित करना

101 'सूर्य' का पर्यायवाची है –
(A) सविता (B) रश्मि
(C) अंशु (D) प्रकाश

102 अंतस्थ व्यंजन कौन सा है?
(A) च (B) क्ष
(C) य (D) ख

103 किस शब्द में 'अव्ययीभाव' समास है?
(A) महादेव (B) पंचतंत्र
(C) यशप्राप्त (D) आजीवन

104 'लोकोत्तर' में कारक की दृष्टि से कौन सा तत्पुरुष समास है?
(A) सम्प्रदान तत्पुरुष
(B) अधिकरण तत्पुरुष
(C) करण तत्पुरुष
(D) अपादान तत्पुरुष

105 निम्नलिखित में से संयुक्त वाक्य का चयन कीजिए –
(A) हम घर से बाहर निकले और बारिश होने लगी।
(B) विद्वान मनुष्य का सभी सम्मान करते हैं।
(C) वह साड़ी खरीदने बाज़ार गई।
(D) जब मैं स्टेशन पर पहुँचा गाड़ी आ चुकी थी।

106 निम्नलिखित में से कौन सा शब्द–युग्म सही है ?
(A) आकार–खान, आकर–रूप
(B) कृति–रचना, कृती–रचनाकार
(C) अंब–जल, अंबु–माता
(D) अविलम्ब–सहारा, अवलम्ब–शीघ्र।

107 प्रत्यय से (निर्मित) बने शब्द का चयन कीजिए –
(A) परिपूर्ण (B) भरपूर
(C) झगड़ालू (D) उपग्रह

108 किस वाक्य में अकर्मक क्रिया है ?
(A) पूजा कपड़े धो रही है।
(B) मोहन सितार बजा रहा है।
(C) आप आज शाम को क्या कर रहे हैं ?
(D) बच्चा रोता है।

109 निम्नलिखित में से स्त्रीलिंग शब्द नहीं है –
(A) डिब्बा (B) नेत्री
(C) युवा (D) गुणवती

110 'सोना, धतूरा, गेहूँ' किस शब्द के अनेकार्थी हैं ?
(A) कनक (B) धान
(C) इंदु (D) पिंगल

111 'गत–गति' का क्रमशः सही अर्थ प्रकट करने वाला शब्द युग्म है –
(A) गूढ़ – बीता हुआ
(B) मापक – नक्षत्र
(C) चक्र – चाल
(D) बीता हुआ – चाल

112 निम्नलिखित में से तत्सम – तद्भव का असंगत युग्म कौन सा है ?
(A) घोटक – घोड़ा
(B) काष्ठ – काठ
(C) अरिष्ठ – रीठा
(D) क्रोश – कोण

113 निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य कौन सा है ?
(A) किसी और से परामर्श लीजिए।
(B) सप्रमाण सहित स्पष्ट कीजिए।
(C) सारी दुनिया भर में यह बात फैल गई।
(D) शायद वह जरूर जाएगा।

114 'निवारण' शब्द में उपसर्ग है –
(A) निर् (B) नि
(C) निः (D) नी

115 'सबकी मति भ्रष्ट होना' अर्थ को प्रकट करने वाला मुहावरा है –
(A) कुएँ में ही भाँग पड़ना
(B) गूँगे का गुड़
(C) गर्दन पर छुरी फेरना
(D) खटाई में पड़ना

116 'जो प्रमाण से सिद्ध हो सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द है–
(A) अप्रमेय (B) प्रमेय
(C) प्रयोजनीय (D) अप्रामाणिक

117 क्रिया–विशेषण शब्द का चयन कीजिए –
(A) रमेश (B) पेड़
(C) गरम (D) प्रतिदिन

118 पुरुषवाचक सर्वनाम के भेदों की संख्या कितनी है ?
(A) पाँच (B) आठ
(C) दो (D) तीन

119 'हमने एक शेर देखा' वाक्य में काल का चयन कीजिए –
(A) सामान्य भविष्यत्
(B) संभाव्य वर्तमान
(C) सामान्य भूतकाल
(D) सामान्य वर्तमान

120 'पक्षी' शब्द का पर्यायवाची है –
(A) शिलीमुख (B) नभ
(C) द्विज (D) सोम

121 'छाती पर पत्थर रखना' मुहावरे का अर्थ है –
(A) किसी कठिन कार्य में सफलता प्राप्त करना।
(B) धैर्यपूर्वक कष्ट सहन करना।
(C) हार मानना।
(D) किसी के धन पर लुभा जाना।

4150347

122 'मन की पवित्रता महत्वपूर्ण है' अर्थ को प्रकट करने वाली लोकोक्ति है –
(A) मन चंगा तो कठौती में गंगा।
(B) होनहार बिरवान के होत चीकने पात।
(C) हाथ सुमरिनी बगल कतरनी।
(D) जिन खोजा तिन पाइयाँ, गहरे पानी पैठ।

123 'रत–रति' युग्म–शब्द का सही अर्थ है –
(A) लय–राग (B) राग–लय
(C) लीन–प्रेम (D) प्रेम–लीन

124 निम्नलिखित में से विलोम शब्द का असंगत युग्म छाँटिए –
(A) उपकार – अपकार
(B) अनुराग – राग
(C) अर्वाचीन – प्राचीन
(D) इति – अथ

125 शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए –
(A) उसका कद मुझसे बड़ा है।
(B) जो लोग अन्दर आना चाहते हैं, वे आ सकते हैं।
(C) वह पानी से पौधों को सींचता है।
(D) सभी वर्ग के लोग उपस्थित थे।

126 भाषायी कौशल का सही क्रम है –
(A) सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना
(B) सुनना, पढ़ना, बोलना, लिखना
(C) सुनना, लिखना, बोलना, पढ़ना
(D) सुनना, पढ़ना, लिखना, बोलना

127 कविता शिक्षण की विधि नहीं है –
(A) खण्डान्वय प्रणाली
(B) सूत्र प्रणाली
(C) गीत प्रणाली
(D) शब्दार्थ–कथन–प्रणाली

128 निम्नलिखित में से कौन सा गुण व्याख्यान विधि का नहीं है?
(A) यह कम खर्चीली विधि है।
(B) यह कम समय में अधिक ज्ञान प्रदान करने वाली विधि है।
(C) यह मनोवैज्ञानिक विधि है।
(D) यह विधि उच्च कक्षाओं के लिए उपयोगी है।

129 भाषा शिक्षण में दृश्य–श्रव्य साधनों का मुख्य प्रयोजन है –
(A) छात्रों को नवीन उपकरणों की जानकारी देना
(B) कक्षा को नियन्त्रित रखना
(C) शिक्षक के कार्य को सरल बनाना
(D) विद्यार्थियों की विभिन्न इन्द्रियों को क्रियाशील बनाना

130 हिन्दी शिक्षण में शाखीय अभिक्रमित अनुदेशन की निम्नलिखित में से कौन सी विशेषता नहीं है?
(A) नवीनता व विविधता पायी जाती है।
(B) यह छोटी कक्षाओं हेतु अधिक उपयोगी है।
(C) पदों का आकार अपेक्षाकृत बड़ा होता है।
(D) इसमें विद्यार्थी अनुक्रिया के रूप में सही विकल्प का चयन करता है।

131 निदानात्मक परीक्षाएँ ली जाती हैं –
(A) छात्रों के मानसिक स्तर को जाँचने के लिए
(B) मानवीय मूल्यों का पता लगाने के लिए
(C) प्रतिभाशाली छात्रों का पता लगाने के लिए
(D) छात्रों की कमजोरी का पता लगाने के लिए

132 कार्ड पर लिखे शब्दों का चित्रों के साथ मिलान करने का कार्य किस विधि में किया जाता है?
(A) कहानी विधि
(B) ध्वनि साम्य विधि
(C) साहचर्य विधि
(D) माण्टेसरी विधि

133 निम्नलिखित में से असत्य कथन है –
(A) मापन परिमाणात्मक अभिव्यक्ति, मूल्यांकन परिमाणात्मक तथा गुणात्मक अभिव्यक्ति है।
(B) मापन के अभाव में मूल्यांकन का कार्य वैज्ञानिक है।
(C) मापन एकांगी, मूल्यांकन बहुमुखी है।
(D) मापन का क्षेत्र सीमित, मूल्यांकन का विस्तृत है।

134 मूल्यांकन का संरचनात्मक तथा योगात्मक रूप में वर्गीकरण किसने किया?
(A) आर. ए. शर्मा
(B) डी. एन. श्रीवास्तव
(C) मिकैल स्क्रीवेन
(D) स्किनर

135 निदानात्मक परीक्षण का मुख्य उद्देश्य है –
(A) विद्यार्थियों की अध्ययन के प्रति रुचि विकसित करना
(B) मूल्यांकन करना
(C) छात्र की कमजोरियों का पता लगाना
(D) विद्यार्थियों के उपलब्धि स्तर को जाँचना

136 Neha is watching the latest movie "Drishyam-2" since she must know what happens to hero and his family. This is the best example of -

(A) Both Intrinsic and Extrinsic motivation
(B) Neither Intrinsic nor Extrinsic motivation
(C) Intrinsic motivation
(D) Extrinsic motivation

नेहा नवीनतम चलचित्र 'दृश्यम–2' देख रही है क्योंकि वह नायक व उसके परिवार की स्थिति को जानने हेतु सब्र नहीं कर पा रही है। यह उत्तम उदाहरण है –

(A) दोनों आंतरिक व बाह्य अभिप्रेरणा का
(B) ना आंतरिक ना ही बाह्य अभिप्रेरणा का
(C) आंतरिक अभिप्रेरणा का
(D) बाह्य अभिप्रेरणा का

137 A process in which an individual learns new responses by observing the behaviour of another rather than through direct experience is known as-

(A) Experimental learning
(B) Incidental learning
(C) Conditioning
(D) Social learning

जिस प्रक्रिया में व्यक्ति दूसरों के व्यवहार को देखकर सीखता है न कि प्रत्यक्ष अनुभव के, को कहा जाता है –

(A) प्रायोगिक अधिगम
(B) आकस्मिक अधिगम
(C) अनुबंधन
(D) सामाजिक अधिगम

138 Which one of the following statements is not correct?

(A) Development proceeds from general to specific.
(B) Rate of development is uniform.
(C) Each phase of development has it's hazards.
(D) Development is spiral and not linear.

निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?

(A) विकास सामान्य से विशिष्ट की ओर अग्रसर होता है।
(B) विकास की गति की दर एक सी रहती है।
(C) विकास की प्रत्येक अवस्था के अपने खतरे हैं।
(D) विकास लम्बवत् सीधा न होकर वर्तुलाकार होता है।

139 Which of the following test is most appropriate for assessing the personality of a child?

(A) Word Association Test
(B) Sentence Completion Test
(C) CAT
(D) TAT

किसी बालक के व्यक्तित्व के आकलन हेतु निम्न में से कौन सा परीक्षण सर्वाधिक उपयुक्त है?

(A) शब्द सहचर्य परीक्षण
(B) वाक्य पूर्ति परीक्षण
(C) बालक अन्तर्बोध परीक्षण
(D) प्रांसगिक अन्तर्बोध परीक्षण

140 The I.Q. of a 25 years old boy, whose mental age is 16 will be -

25 वर्षीय लड़का जिसकी मानसिक आयु 16 है का आई.क्यू. (I.Q.) होगा –

(A) 64
(B) 48
(C) 156
(D) 100

141 Aditi seldom has time for breakfast because she attends morning classes. So she feels the urge to eat since her stomach is grumbling and feels empty. This is an example of -

(A) Need
(B) Extrinsic motivation
(C) Motivation
(D) Drive

अदिति प्रातःकालीन कक्षा में जाने के कारण नाश्ता कभी–कभी कर पाती है। पेट खाली रहने व पेट में गुड़गाहट होने के कारण उसे खाने की इच्छा होती है। यह निम्नलिखित में से किसका उदाहरण है?

(A) आवश्यकता
(B) बाह्य अभिप्रेरणा
(C) अभिप्रेरणा
(D) अन्तर्नोद

142 The best method of personality assessment for knowing the popularity of a person in a group is-

(A) Questionnaire
(B) Interview
(C) Observation
(D) Sociometry

किसी समूह में व्यक्ति की लोकप्रियता ज्ञात करने की सर्वोत्तम व्यक्तित्व आकलन विधि है –

(A) प्रश्नावली
(B) साक्षात्कार
(C) अवलोकन
(D) समाजमिति

143 Spearman's concept of 'g' stands for -
(A) General intelligence
(B) Graded intelligence
(C) Group intelligence
(D) Genetic intelligence
स्पीयरमैन की अवधारणा के अनुसार 'g' इंगित करता है –
(A) सामान्य बुद्धि
(B) श्रेणीगत बुद्धि
(C) समूह बुद्धि
(D) आनुवंशिक बुद्धि

144 "An eight years old child crawls like his younger infant brother" is an example of -
(A) Rationalization
(B) Compensation
(C) Regression
(D) Repression
''एक आठ वर्षीय बालक अपने छोटे भाई की तरह घुटने चलता है।'' यह उदाहरण है –
(A) युक्तिकरण
(B) क्षतिपूर्ति
(C) प्रतिगमन
(D) दमन

145 "Educational Psychology is that branch of psychology which deals with teaching and learning." This statement is given by -
(A) Simpson
(B) Pavlov
(C) Woodworth
(D) Skinner
''शिक्षा मनोविज्ञान, मनोविज्ञान की वह शाखा है जो शिक्षण व सीखने से संबंधित है।'' यह कथन दिया गया है –
(A) सिम्पसन द्वारा
(B) पावलॉव द्वारा
(C) वुडवर्थ द्वारा
(D) स्किनर द्वारा

146 Illegal copying and distribution of software is called -
(A) Spoofing
(B) Software piracy
(C) Scripting
(D) Firewall
गैरकानूनी प्रतिलिपि और सॉफ्टवेयर का वितरण करना कहलाता है –
(A) स्पूफिंग
(B) सॉफ्टवेयर पायरेसी
(C) स्क्रिप्टिंग
(D) फायरवॉल

147 What does 'CO' stand in COBOL?
(A) Common Object
(B) Common Oriented
(C) Computer Object
(D) Computer Oriented
COBOL में 'CO' क्या दर्शाता है?
(A) कॉमन ऑब्जेक्ट
(B) कॉमन ओरिएंटेड
(C) कम्प्यूटर ऑब्जेक्ट
(D) कम्प्यूटर ओरिएंटेड

148 Which of the following is not related to security mechanism?
(A) Digital signature
(B) e-cash
(C) Encryption
(D) Decryption
निम्नलिखित में से कौन सा सुरक्षा प्रक्रिया से सम्बन्धित नहीं है?
(A) डिजिटल सिग्नेचर
(B) ई–कैश (e-cash)
(C) एन्क्रिप्शन (Encryption)
(D) डिक्रिप्शन (Decryption)

149 What do you called an unsolicited e-mail?
(A) Flaming
(B) News group
(C) Spam
(D) Usenet
अनसॉलिसिटेड ई–मेल को क्या कहते हैं?
(A) फ्लेमिंग
(B) न्यूज ग्रूप
(C) स्पैम
(D) यूज़नेट

150 ________ is a technique to reveal the strategic information hidden in the data warehouses.
(A) Data Warehousing
(B) Data Support System
(C) Data Mining
(D) Data Bases
________ एक तकनीक है जिसके द्वारा डेटा वेयरहाउस में से सामरिक जानकारियों को निकाला जा सकता है।
(A) डेटा वेयरहाउसिंग
(B) डेटा सपोर्ट सिस्टम
(C) डेटा माइनिंग
(D) डेटा बेसेस

# शिक्षा शिक्षक शिक्षार्थी

Shiksha Vibhag Samachar Rajasthan

सत्यमेव जयते

## शिक्षा विभाग समाचार

शिक्षा-शिक्षक-शिक्षार्थी को समर्पित व शिक्षा विभाग की सभी खबरे तीव्रतम पाने के लिए नीचे दिए आइकन से ग्रुप में हमसे जरुर जुड़े

Telegram Group — Join Now

WhatsApp Group — Join Now

## ग्रुप से जुड़ने के लिए दिए आइकन पर क्लिक करे

WhatsApp | राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम | Study Point Study With Us | gurusmile.in

रोजगार व शिक्षक प्रशिक्षण सूचना के लिए GURUSMILE.IN पर क्लिक करे

🙏 धन्यवाद 🙏

**GURU SMILE**

# शिक्षा शिक्षक शिक्षार्थी

## शिक्षा विभाग समाचार

शिक्षा-शिक्षक-शिक्षार्थी को समर्पित व शिक्षा विभाग की सभी खबरे तीव्रतम पाने के लिए नीचे दिए आइकन से ग्रुप में हमसे जरुर जुड़े

Telegram Group — Join Now

WhatsApp Group — Join Now

## ग्रुप से जुड़ने के लिए दिए आइकन पर क्लिक करे

रोजगार व शिक्षक प्रशिक्षण सूचना के लिए GURUSMILE.IN पर क्लिक करे

🙏 धन्यवाद 🙏

GURU SMILE